सेवा स्तर बैंचमार्कस (एस एल बी एस) पुस्तिका

खण्ड I -
शहरी सेवाओं के मूल्यांकन प्रबंधन के संदर्भ में सेवा स्तर स्तरांक

1.0 सेवा स्तर स्तरांक (एस एल बी एस) की भूमिका

1. सेवा स्तर स्तरांक की आवश्यकता

प्रत्येक क्षेत्र में, कुछ महत्वपूर्ण मूल्यांकन (परफोरमेन्स) संकेतक होते हैं जिन्हें उस क्षेत्र में अधिकांश पणधारियों (स्टेकहोल्डर्स) द्वारा समझा जाता है । इसी प्रकार, शहरी क्षेत्र में भी शहरी प्रबंधन और सेवा प्रदान करने से संबंधित अनेक मूल्यांकन संकेतक रहे हैं जिन्हें परिभाषित किया गया है, मापा गया है और सूचित किया गया है । तथापि, अब तक मूल्यांकन प्रबंधन में अधिकांश की गयी पहलों में कुछ मुख्य सीमित्ताएं महसूस की गई हैं, अर्थात्

क) मूल्यांकन संकेतकों के भिन्न-भिन्न सेटों को विभिन्न पहलों के अंतर्गत परिभाषित किया गया है ।

ख) एक ही मूल्यांकन संकेतक के लिए परिभाषा में अन्तर हो सकता है अथवा आकलन तरीके में अंतर हो सकता है, इस प्रकार अंतर-शहरी अथवा अन्तरा-शहरी तुलनाएं बाधित होती हैं ।

ग) अधिकांश माप कार्य बाह्य चालित रहे हैं (मूल्यांकन मापदण्डों के विपरीत सुपुर्दगी के लिए उत्तरदायी एजेंसी से इतर एजेंसियां), और इसलिए मूल्यांकन के स्वामित्व का महत्वपूर्ण मुद्दा सूचित होता है ।

घ) अधिकांश मूल्यांकन परिमाप पहलें एक इतरकार्य रही हैं और संस्थागत नहीं रही हैं, जिससे की कालांतर में मूल्यांकन प्रक्रिया में अनुवीक्षण प्रवृत्तियों के लिए प्राप्त होने वाले लाभों को सीमित किया है ।

ङ) मूल्यांकन परिमाप की प्रक्रिया को मूल्यांकन प्रबंधन में और आगे नहीं लिया गया है (दृष्टांत-क का संदर्भ)

उपर्युक्त सभी उपाय जो मूल्यांकन परिमाप और उन पर आगे कार्रवाई करने हेतु प्रणालियां हैं उन्हें शहरी क्षेत्रों में संस्थागत नहीं बनाया गया है । अतः यह महत्वपूर्ण है कि मूल्यांकन मापदण्डों के लिए निर्धारित मूलभूत न्यूनतम मानक को समान रूप से समझा जावे और सभी पणधारियों द्वारा उपयोग किया जावे । विशेष जरूरत के आधार पर अतिरिक्त मूल्यांकन मापदण्डों को परिभाषित और प्रयुक्त किया जा सकता है ।



नागरिक एजेंसियों के सेवा स्तरों में परिमाप परिणाम अन्तर्निहित होते हैं और इससे अप्रत्यक्ष रूप में संस्थागत क्षमता, वित्तीय मूल्यांकन और अन्य मापदण्ड मापदण्ड भी परिलक्षित होते हैं। सेवा स्तर के मापदण्डों को या तो उपयोगिता प्रबंधक के/योजनाकार के संदृश्य से मापा जा सकता है । इसके अलावा, शहरों/सेवा सुपुर्दगी क्षेत्राधिकारों के बीच तुलना को सुविधाजनक

बनाने के लिए एवं मूल्यांकन में समय की अधिकता में परिवर्तन लाने हेतु यह महत्वपूर्ण है कि मूल्यांकन स्तर स्तरांक हो और उन स्तरांकों के परिप्रेक्ष्य में अनुवीक्षण किया जाए ।

इस संदर्भ में ही शहरी विकास मंत्रालय ने **सेवा स्तर स्तरांक** (एस एल बी एस) को परिभाषित करने का कार्य शुरू किया है । शहरी विकास मंत्रालय ने `एस एल बी एस के लिए एक कोर समूह` का गठन किया है जिसमें एस एल बी एस को निर्धारित करने के लिए विभिन्न संस्थाओं से विशेषज्ञ शामिल हैं । परिमाप सेवा स्तर मूल्यांकन में विभिन्न पहलों पर अनुभव प्राप्त करने हेतु कोर समूह ने शुरूआज में चार मूलभूत शहरी सेवाओं तक अपना कार्य सीमित कर दिया और प्रत्येक में संकेतकों के सेट निर्धारित किए । काफी विचार-विमर्श के पश्चात् संकेतकों, उनकी परिभाषाओं बारम्बारता तथा परिमाप के क्षेत्राधिकार और रिपोर्टिंग को अंतिम रूप दिया गया ।

सेवा स्तर स्तरांको संबंधी पुस्तिका यू एल बी एस तथा अन्य शहर स्तर की एजेंसियों के लिए एस एस एल बी एस के मापन, रिपोर्टिंग तथा अनुवीक्षण में सक्षम बनाने हेतु एक तात्कालिक संदर्भ सहायिका है ।

2. मूलभूत शहरी सेवाओं के लिए मूल्यांकन मापदण्ड

चार मूलभूत शहरी सेवाओं के लिए सेवा स्तर मूल्यांकन मापदण्डों की पहचान की गई है, अर्थात्

क) जलापूर्ति
ख) सीवरेज
ग) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन
घ) स्टार्म वाटर ड्रेनेज

इन मापदण्डों को प्राथमिक तौर पर उपयोगिता प्रबंधकों/योजनाकारों के संदृश्य से परिभाषित किया गया है । दूसरे शब्दों में, मापदण्ड उस मूल्यांकन पर प्रकाश डालते हैं जैसाकि शहरी स्थानीय निकायों के नेतृत्व/प्रबंधन अथवा अन्य नागरिक एजेंसियों द्वारा अनुवीक्षण किया जाएगा। इन मूल्यांकन परिमापों को सेवा प्रदान करने वाली एजेंसियों द्वारा स्वयं किया जाना आवश्यक होगा जिसकी सूचना प्रबंधन के उच्च स्तर पर दिया जाना और व्यापक प्रचार किया जाना भी जरूरी होगा । परिमाप और रिपोर्टिंग में पक्षपात को समाप्त करने के लिए स्पष्ट परिभाषाओं और तौर-तरीकों की भी उम्मीद की जाती है ।

सेवा प्रदाता एजेंसी के आंकड़ों की अपेक्षा नागरिक अथवा उपभोक्ताकी दृष्टि से आंका गया मूल्यांकन बेहतर ढंग से मापा जाता है । नागरिक अवधारणा का परिमापन स्वयं एजेंसी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के, अतिरिक्त किया जा सकता है और एक दूसरे से तुलना किए जाने पर इससे सुरूचिपूर्ण अर्न्तदृष्टि मिल सकती है ।

मूल्यांकन मापदण्ड सभी शहरों में एक समान लागू किए जाने चाहिए और सभी पणधारियों द्वारा इनका नियमित उपयोग किया जाना चाहिए । व्यावहारिक विचार विमर्श से परिमाण और रिपोर्टिंग की बारम्बारता और क्षेत्राधिकार, जोकि मूल्यांकन परिमाप के दो महत्वपूर्ण पहलु हैं का निर्धारण किया जा सकेगा । मूल्यांकन का परिमाप अधिक बार या कम से कम उतना किए जाने की जरूरत होगी जैसा कि इसको सूचित किए जाने की आवश्यकता हो । बारम्बारता ऐसे अंतराल पर होनी चाहिए जिस पर की परिवर्ती मूल्यांकनों में दृश्यगत परिवर्तन हो सकें और इसके द्वारा विभिन्न समयावधि के दौरान मूल्यांकन में परिवर्तन परिलक्षित होंगे।

व्यावहारिक स्तर भी मूल्यांकन का परिमाप यथासंभव सबसे छोटे भौगोलिक क्षेत्राधिकार में भी किया जाना चाहिए । सामान्य रूप में, निर्णय लेने वालों, विशेषकर चुने हुए प्रतिनिधियों के लिए वार्ड स्तर पर मूल्यांकन परिमाप करना महत्वूर्ण होगा । सेवा प्रदाता विभागों के लिए

प्रशासनिक क्षेत्राधिकार वार्ड सीमाओं के साथ आदर्श रूप में सह-आवाधिक होना चाहिए । वार्ड स्तरों पर सेवा प्रदाता मूल्यांकन जब शहर के मानचित्र पर विस्तृत ढंग से निर्धारित हो तो उसमें अंदरूनी भाग को भी दिखया जा सकता है । नागरित सदृश्य से भी, `वार्ड सीमाएं` उप-यू एल बी स्तर क्षेत्राधिकार हैं जिससे वे संभवत: संबद्ध हो सकते हैं ।

तथापि, दूसरी ओर नेटवर्क सुविधाओं यथा जलापूर्ति और सीवरेज के मामले में, सभी नेटवर्क प्रबंधन आंकड़ा सामान्य रूप में जोन/जिला मीटरिंग एरिया (डी एम ए) द्वारा सूचित किया जाता है; जो सामान्य रूप में नेटवर्क में प्रमुख शाखाओं का प्रतिनिधित्व करता है ।

अत: नेटवर्क के अंचल/उप-क्षेत्राधिकारों द्वारा (जलापूर्ति की निरंतरता बनाए रखने हेतु) नेटवर्क प्रबंधन से जुड़े मूल्यांकन संकेतकों की जांच करना संगत होगा, जबकि नागरिकों द्वारा यथानुभूत सेवा सुपुर्दगी का परिमाप नागरिक वार्ड द्वारा किया जाता है (जलापूर्ति कनेक्शन कवरेज के लिए), जो कि सबसे छोटा क्षेत्राधिकार है ।

यू एल बी/उपयोगिता के आंतरिक प्रबंधन के प्रयोजन के लिए, मूल्यांकन की सूचना क्षेत्राधिकार के न्यूनतम स्तर और अधिकतम संभावित बारम्बारता पर दी जानी चाहिए । तथापि, बारम्बारता को कम किया जा सकता है तथा सरकारों व अन्य बाह्य पणधारियों के उच्चतर स्तर पर शहरी-व्यापक स्तर मूल्यांकन की सूचना दी जा सकती है ।

3. विभिन्न पणधारियों की भूमिकाएं

मानक रूप में स्वीकार किए जाने हेतु सेवा स्तर मूल्यांकन मापदण्डों के लिए, सभी पणधारियों को अपनी भूमिका निभानी आवश्यक होगी । विभिन्न पणधारियों की भूमिका और इस प्रयोजन हेतु वे जो अन्य कदम उठाएंगे, संक्षेप में निम्नानुसार हैं:

क) ***केन्द्र सरकार:*** शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार इन सेवा स्तर मूल्यांकन मापदण्डों के प्रसार तथा इसे व्यापक रूप में स्वीकार्य बनाने को बढ़ावा देगी । इसके अलावा एस एल बी को एक से अधिक तौर-तरीकों के अलावा जवाहर लाल नेहरू शहरी नवीनीकरण मिशन (जे एन एन यू आर एम) तथा इस मंत्रालय के अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से संस्थागत भी बनाया जाएगा, अर्थात्

- एस एल बी मौजूदा स्थिति के आकलन और उनकी योजनाओं के तहत लक्ष्यों को निर्धारित करने दोनों के लिए शहर विकास योजनाओं प्रक्रियाओं का एक एकीकृत भाग होगा ।

- जहां कहीं उपयुक्त होग, एस एल बी सुधारों और तत्पश्चात् सुधारों की मूल्यांकन प्रक्रिया के बारे में प्रतिबद्ध रहेगा ।

- संगत एस एल बी को संबद्ध क्षेत्रों के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्टों का भाग होना चाहिए जिसमें मौजूदा स्थिति तथा परियोजना में आने वाले परिवर्तनों दोनों का संकेत होना चाहिए । परियोजना के अनुवीक्षण क्रियान्वयन की परिवर्ती प्रक्रियाओं को भी ये एस एल बी एस जांच करेंगे ।

- जे एन एन यू आर एम के अन्तर्गत, यू एल बी एस तथा नागरिक एजेंसियों को सक्षम बनाने हेतु सहायता दी जा सकती है ताकि वे अवधिक परिमापन, रिपोर्टिंग तथा एस एल बी एस के विश्लेषण हेतु अपने संबंधित संस्थानों में प्रणालियां स्थापित कर सकें ।

ख) ***राज्य सरकारें और इसकी एजेंसियां:*** शहरी क्षेत्रों में राज्य सरकारें और इसकी नोडल एजेंसियों की यू एल बी एस और शहर स्तर की नागरिक एजेंसियों के मूल्यांकन अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है । राज्य सरकार को नीति, संसाधन आबंटनों, प्रोत्साहनों और शास्तियों को लागू करने, तकनीकी और जनशक्ति सहायता बढ़ाने और अन्यों के साथ विनियामक विचार विमर्शों से संबद्ध अपने निर्विष्ट (इनपुट) के रूप में एस एल बी एस की अवाधिक रूप में जांच करने की आवश्यकता होगी । स्थानीय निकायों के निदेशालय/म्यूनीसिपिल प्रशासन विभाग को सतत अन्तर-शहर तुलनाओं के माध्यम से इस प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की आवश्यकता होगी । इन विभागों को सूचना प्रौद्योगिकी शक्ति को उन्नत बनाना चाहिए ताकि इनको अवाधिक रूप में प्राप्त करके एस एल बी एस पर रिपोर्ट किया जा सके । सूचना प्रवाह के प्रबंधन हेतु वेब-आधारित प्रौद्योगिकियों को उन्नत बनाया जाना चाहिए । अन्य नोडल राज्य स्तर की एजेंसियों के लिए, एस एल बी एस उनके कार्यक्रमों हेतु विशिष्ट इनपुट मुहैया करायेगा और यू एल बी एस तथा अन्य नागरिक एजेंसियों के साथ तालमेल बिठाएगा। एस एल बी एस राज्य वित्त आयोगों को उनके कार्य के दौरान महत्वपूर्ण इनपुट भी होगा ।

ग) ***शहरी स्थानीय निकाय:*** एस एल बी एस के संस्कानीकरण के लिए यू एल बी एस सर्वाधिक महत्वपूर्ण पणधारी है ।

- *सेवा प्रदाता संस्थानों* के रूप में, यू एल बी एस इसे एस एल बी एस का उपयोग करने वाले मूल्यांकन प्रबंधन हेतु प्रणालियों के संस्थानीकरण के लिए उपयोगी पाएगा । उप- यू एल बी स्तर (जोन अथवा वार्ड स्तर) पर मूल्यांकन आंकड़ा विभिन्न क्षेत्रीय इकाइयों के समुचित निर्णय लेने और मूल्यांकन के अनुवीक्षण हेतु यू एल बी के लिए विशेष रूप में उपयोगी है । राज्य के भीतर अन्य शहरों अथवा

समान शहरों के साथ स्तरांकन सतत सुधार के लिए एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धी वातावरण उपलब्ध हो सकेगा ।

- शहर में स्व-शासन के लिए *प्रधान चयनित संस्थान* के रूप में, यू एल बी एस को अन्य पैरा-स्टेटल सिविक एजेंसियों के मूल्यांकन की जांच करने की जरूरत होगी । यद्यपि यू एल बी एस उन क्षेत्रों में सेवा प्रदान करने के लिए प्रत्यक्ष रूप में उत्तरदायी नहीं है ।

एस एस एल बी एस का उपयोग करने वाले मूल्यांकन प्रबंधन आंकड़ों को अनिवार्य जन प्रकटीकरण के तहत प्रसारित सूचना सेट में शामिल किया जाना चाहिए जैसा कि जे एन एन यू आर एम के अंतर्गत अधिदोशीत सुधारों द्वारा अपेक्षित है ।

यू एल बी एस के लिए अगला महत्वपूर्ण कदम वित्तीय वर्ष 08-09 के शुरू के लिए आवधिक रूप में मूल्यांकन रिपोर्टें सृजित करना है । आंकड़ा या तो जमीन संबंधी प्रणालियों के माध्यम से नियमित रूप में लिया जा सकता है (उदाहरण के लिए कंपोजिंग संयंत्र अथवा भूमि भराव स्थल पर धर्मकांटा) विनिर्दिष्ट बिंदुओं पर वाटर मीटर कैप्चरिंग जलों, जल प्रभार के लिए मांग वसूली रजिस्टरों आदि) या परिभाषित अन्तरालों पर कराए गए विशिष्ट सर्वेक्षण के माध्यम से लिया जा सकता है । समानान्तर रूप में, यू एल बी एस को दृष्टांत-क में यथावर्णित रूप में मूल्यांकन प्रबंधन के सम्पूर्ण चक्र के लिए प्रणालियों को संस्थागत बनाने की आवश्यकता है । इसमें निम्नलिखित अन्तर्निहित होंगे:

i) ***आंकड़ा प्राप्त करने की प्रणालियां:*** अत्यधिक बिखरे हुए स्तर से आंकड़े लिए जाने हेतु आंकड़ा संकलन प्रणालियों को बनाना और क्रियान्वित करना । ऐसे

आंकड़े निश्चित तौर पर फील्ड स्तर के स्टॉफ यथा सफाई पर्यवेक्षकों, वाटर पम्प आपरेटरों लेखा लिपिकों आदि से लिए जाएंगे । सरल आंकड़ा प्रारूप तैयार किए जाने चाहिए और आंकड़ा एकत्र करने के लिए उन्हें मुहैया कराए जाने चाहिए और सेवा स्तर मूल्यांकन के संकलन तथा निर्धारण हेतु संगठनों में उनकी रिपोर्ट की जाए ।

ii) ***मूल्यांकन संकेतकों का प्राप्त करना और विश्लेषण करने के लिए प्रणालियां:*** क्षेत्र से प्राप्त आंकड़ों की विस्तृत तुलना करने और मूल्यांकन रिपोर्टें बनाने के अधिदेश के साथ विशिष्ट व्यक्तियों को विनिर्दिष्ट किया जाना चाहिए । विभागाध्यक्ष स्तर पर अधिकारियों के पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन के तहत प्रत्यक्ष रूप में कार्यरत युवा विशेषज्ञ, जिनमें अच्छे विश्लेषणात्मक कौशलों और आदर्श तकनीकी कौशल हो, उन्हें इन कार्यों के मूल्यांकन में समर्थ होना चाहिए ।

iii) ***मूल्यांकन के आकलन तथा मूल्यांकन हेतु प्रणालियां:*** अधिकांश मामलों में, किसी विशिष्ट क्षेत्र में सेवा स्तरों पर एक सच्ची तस्वीर प्राप्त करने के लिए बहु संकेतकों के परीक्षण किए जाने की आवश्यकता है । विभाग स्तर पर सूचित मूल्यांकन संकेतकों की यू एल बी के प्रबंधन स्तर पर निकट से जांच की जानी चाहिए । मेयर/म्यूनिसिपल आयुक्त द्वारा ऐसी समीक्षाएं परिभाषित अवधि जैसे अर्थात् मासिक रूप में होनी चाहिए ।

iv) ***निर्णय लेने हेतु प्रणालियां:*** सभी यू एल बी एस के पास निर्णय लेने की प्रणाली हो, तथापि, अनेक निर्णयों पर क्वालिटी आंकड़ा न होने से विचार नहीं हो पाता । ऐसे अन्तरालों को समाप्त करने के लिए परिषद/स्थाई समितियों में मूल्यांकन रिपोर्टों को आवधिक रूप में रखने जैसी प्रणालियां संस्थापित की

जानी चाहिए । इसी प्रकार, वार्ड स्तर पर मूल्यांकन मापदण्डों के बारे में सूचित करना उपयोगी होगा ।

v) ***प्रचलानात्मक निर्णयों और योजनाओं हेतु प्रणालियां:*** प्राप्त मूल्यांकन के परिप्रेक्ष्य में निर्णयों और योजनाओं की आवधिक समीक्षा किए जाने की जरूरत होगी और अनुवर्ती निर्णय लिए जाने होंगे । स्टॉफ की तैनाती आदि के संबंध में लिए गए संविदाकारी निर्णयों, की गई उपचारात्मक कार्रवाई के लिए अतिरिक्त पूंजी अथवा राजस्व व्यय की जरूरत होगी । मासिक समीक्षा और अनुवर्ती विचार-विमर्श की प्रक्रिया शुरू किए जाने की जरूरत होगी ।

vi) ***मूल्यांकन सुधार के लिए सुधारात्मक कार्रवाई करने हेतु प्रणालियां:*** वास्तविक रूप में सुधारात्मक उपाय क्रियान्वित करने के लिए प्रचालानात्मक स्टॉफ को सक्षम बनाने हेतु, लम्बी अनुमोदन प्रक्रिया के बिना लिए गए निर्णयों को क्रियान्वित करने के लिए उन्हें पर्याप्त अधिकार दिए जाने की जरूरत होगी । शहरी सेवाओं के मामले में नेटवर्क बुनियादी सेवाओं के लिए अधिक पूंजी निवेश किए बिना प्रचालन संबंधी सुधारों के माध्यम से महत्वपूर्ण दक्षता सुधार किए जा सकते हैं ।

लक्षित मूल्यांकन स्तर को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहन ओर शास्तियों की एक प्रणाली बनाई जा सकती है । यह त्वरित प्रचालन संबंधी सुधार हेतु क्षेत्र के कार्यकारियों के लिए महत्वपूर्ण है । इसी प्रकार, ठीक से कार्य न करने वाले ऐसे स्टॉफ, जो खराब मूल्यांकन को बढ़ावा देते हैं, के लिए शास्तियों की प्रणाली स्थापित की जानी चाहिए ।

घ) ***अन्य पैरा स्टेटल एजेंसियां:*** एस एल बी एस का महत्व और पैरास्टेटल एजेंसियों का अगला कदम यू एल बी एस के काफी समान है । पैरा स्टेटल एजेंसियों को भी ऊपर उल्लिखित अनुसार मूल्यांकन प्रबंधन के लिए सभी प्रणालियों को रखने की जरूरत है। एस एल बी एस का संबंधित यू एल बी एस को आवधिक रिपोर्ट करने और इसके लोक प्रकटीकरण की जरूरत पर इस मामले में और प्रकाश डाला जाना है, इससे चयनित निकायों और कुल मिलाकर जनता पर पैरा स्टेटल एजेंसियों के उत्तरदायित्व की गहनता बढ़ेगी ।

ङ) ***द्विपक्षीय/बहु-पक्षीय सहायता एजेंसियों और अन्य पणधारी:*** द्विपक्षीय और बहु-पक्षीय सहायता एजेंसियों के विभिन्न शहरी शासन और बुनियादी सुविधा सुधार कार्यक्रम आगे बढ़ सकते हैं तथा इस पहल को मुख्यत: दो रूपों में अधिक मजबूत किया जा सकता है ।

- राज्य सरकारों और शहरों को परिभाषित एस एल बी एस पर ध्यान केन्द्रित करने के साथ मूल्यांकन प्रबंधन प्रणालियों को बनाने और क्रियान्वित करने में सक्षम बनाना

- उनके द्वारा समर्थित शहरी कार्यक्रमों को बनाने, क्रियान्वित करने और अनुवीक्षण करने में परिभाषित एस एल की एस का व्यापक उपयोग करना । सेवा स्तर स्तरांक और इन प्रत्येक एस एल बी एस के लिए लक्ष्य प्राप्त करना इन कार्यक्रमों को बनाते समय निर्धारित किया जा सकता है ।

शहर प्रबंधक एसोसियशन, सार्वजनिक प्रशासन प्रशिक्षण संस्थान, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का कार्यालय (सी ए जी), अन्य बाह्य एवं आंतरिक लेखा परीक्षा

एजेंसियों, वित्तीय संस्थानों जैसे संस्थान और बाह्य पणधारियों की संपूर्ण रेंज को सामान्य तौर पर यू एल बी एस के साथ विचारों के आदान-प्रदान के माध्यम से एस एल बी एस की जांच की जानी चाहिए ।

च) ***नागरिक और मोटे तौरा पर नागरिक सोसाइटी:*** हालांकि, एस एल बी एस को नागरिक के संदृश्य से परिभाषित नहीं किया गया है, फिर भी विचार किए गए मापदण्ड यू एल बी/नागरिक सोसाइटी के मूल्यांकन का समुचित संकेत देते हैं। नागरिकों को क्षेत्र सभाओं के माध्यम से आवासीय कल्याण एसोसिएशन और अन्य ऐसे नागरिक सोसाइटी संगठनों के साथ एस एल बी एस की जांच करने और उपचारात्मक सुझाव देने के लिए यू एल बी एस के साथ जुड़े रहना चाहिए ।

4. एस एल बी एस का उपयोग करते हुए मूल्यांकन प्रबंधन प्रणाली की सीमाएं और चुनौतियां

ऐसी मान्यता है कि इस पहल की अनेक सीमाएं हैं । यू एल बी एस में मूल्यांकन प्रबंधन केन्द्र सरकार द्वारा प्रोत्साहित किया जा रहा है । तथापि, राज्य और शहर स्तरों पर स्वीकार्यता तथा क्षमता ही इस पहल को बनाए रखने में सहायक होगी । हालांकि, इस पुस्तिका में एस एल बी एस की परिभाषा और तौर-तरीकों के मुद्दों को हल करने का प्रयास किया गया है , यह पूर्वानुमानित है कि वास्तविक क्रियान्वयन के दौरान अनेक जटिलताएं आएंगी । सेवा सुपुर्दगी मूल्यांकन प्रबंधन प्रणालियों को क्रियान्वित करने में क्षेत्र स्तर का अनुभव अतिरिक्त मापदंडों के अनुवीक्षण के लिए छोड़ने की आवश्यकता होगी । तब ऐसे सभी अनुभव से एस एल बी एस में सुधार करने इस पुस्तिका के द्वितीय संस्करण को तैयार करने में आवश्यक जानकारी उपलब्ध हो सकेगी ।

एस एल बी एस का उपयोग करके क्रियान्वयन मूल्यांकन प्रबंधन प्रणालियों में अंतर्गत चुनौतियां व्यापक होंगी । इनमें शामिल होंगी:

- एस एल बी एस के लिए पहचान किए गए महत्वपूर्ण आंकड़ा घटकों को हासिल करने की प्रणालियां क्षेत्र स्तर पर तमाम मामलों में मौजूद नहीं है । सामान्य तौर पर आंकड़े सदैव निम्नतम स्तर से ही लिए जाते हैं । कुल स्तर पर मूल्यांकन की व्याख्या करना और समझना सदैव आसान रहता है जबकि खण्डित स्तर पर यह संभव नहीं है, यदि आंकड़े को उस स्तर पर प्राप्त नहीं किया जाता है । शहर/यू एल बी स्तर पर आंकडा विश्वसनीय हो सकता है और सही हो सकता है जब इसे निम्नतम स्तर यथा वार्ड स्तर से लिया गया हो । उदाहरण के लिए यदि वार्ड स्तर का आंकड़ा जलापूर्ति के समय लिया जाता है तो उसे यू एल बी स्तर पर संयोजित किया जा सकता है । तथापि, यदि केवल घंटों का अनुमान लगाया जाता है और शहर स्तर पर सूचित किया जाता है, तब वार्ड-पर भिन्नताओं की जांच नहीं की जा सकती है ।

- मूल्यांकन संकेतक के लिए इनपुट मापदण्डों को मापने हेतु, तदर्थ प्रणाली के माध्यम से मापने की प्रवृत्ति हो जो एक-बारगी कार्य हो सकता है । तथापि, आवधिक मूल्यांकन परिमाप को बनाए रखने के लिए नियमित आधार पर क्षेत्र स्तर से आंकड़ा लेने हेतु धारणीय प्रणाली बनाने की जरूरत है ।

- कुछ मामलों में, सही सूचना एकत्र करने और प्रस्तुत करने के लिए क्षेत्र स्टॉफ अथवा अन्य पणधारियों का प्रतिरोध हो सकता है, क्योंकि इसमें निहित स्वार्थ अन्तर्ग्रस्त हो सकता है । ऐसे निहित स्वार्थ परिमाप किए गए मूल्यांकन के परदर्शी प्रकटीकरण को भी रोकना चाहते हैं । ऐसी बाधाओं को दूर करने की जरूरत है ।

- जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, परिभाषा और परिमाप तौर-तरीकों के मुद्दे विद्यमान रहेंगे जिन्हें अनुभव के साथ परिष्कृत किया जाना चाहिए । कुछ अन्य संकेतक भी महत्वपूर्ण दिखते हैं, अथवा मूल्यांकन की व्याख्या के लिए अतिरिक्त एस एल बी एस की आवश्यक प्रतीत होगी ।

- मूल्यांकन प्रबंधन की संपूर्ण कमी तभी धारणीय होगी यदि इसे प्रकट किया जाता है, सूचित किया जाता है, अनुवीक्षण और मूल्यांकन प्रबंधन फीडबैक, प्रोत्साहन तथा हतोत्साहन इत्यादि को भी शामिल किया जा सकता है अन्यथा एस एल बी एस की परिमाप और प्रकटीकरण प्रणाली स्वयं में बनाए नहीं रख सकती है ।

5. सेवा स्तर स्तरांक का मानकीकरण

चुनिंदा एस एल बी एस (मूल्यांकन संकेतकों) की परिभाषा और गणना के तौर-तरीकों के उद्देश्य से, इनमें से प्रत्येक संकेतकों का आगामी पृष्ठों में मानकीकृत रूप में विस्तार से वर्णन किया गया है । प्रत्येक चुनिन्दा संकेतकों के लिए निम्नलिखित ब्यौरे मुहैया कराए गए हैं:

क) ***शीर्षक, यूनिट्स और परिभाषा:*** विशिष्ट नाम, परिमाप की इकाई जिसमें मूल्यांकन का परिमाप किया जाना है और संकेतक के लिए परिभाषा मुहैया कराई गई है ।

ख) ***आंकड़ा अपेक्षाएं:*** आंकड़े का विशिष्ट तत्व जिसे प्राप्त किया जाना अपेक्षित है उसकी पहचान की जानी है और परिमाप की तत्संबंधी इकाई/प्रत्येक आंकड़ा घटक का वर्णन किया जाता है, आंकड़ों के बिंदु और बारम्बारता का उल्लेख किया जाता है । विशिष्ट फार्मूला, जिसका मूल्यांकन संकेतक पर पहुंचने के लिए उपयोग किया जाना चाहिए, का उल्लेख किया गया है ।

ग) ***संकेतक हेतु औचित्य:*** प्रत्येक मूल्यांकन संकेतक के लिए, मूल्यांकन संकेतक का आकलन एवं अनुवीक्षण करने के लिए समग्र महत्व और औचित्य बताया गया है । अधिकांश मामलों में स्तरांक मूल्य का उल्लेख किया गया है ।

घ) ***परिमाप की विश्वसनीयता:*** मूल्यांकन परिमाप ही सार्थक प्रबंधन निर्णयों के लिए विश्वसनीय है, जब वह प्रणाली जिससे मूल्यांकन की गणना हेतु आंकड़ा सृजित किया जाता है, यथार्थ हो । इसी प्रकार, आंकड़ा प्रणाली की विश्वसनीयता के चार स्तर अर्थात् `क`, `ख`, `ग`, `घ` उल्लिखित किए गए है जिसमें `क` सर्वोच्च विश्वसनीयता और `घ` निम्नतम विश्वसनीयता स्तर है ।

परिमाप की विश्वसनीयता शहरी सेवाओं के मूल्यांकन प्रबंधन में अनदेखे पहलू पर प्रकाश डालता है । यह उस पुष्ट प्रणाली और प्रक्रिया को बनाने, क्रियान्वित करने तथा संस्थागत बनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है जो उच्च विश्वसनीयता वाला आंकड़ा मुहैया करायेगा जो पुनरावृत्ति आधार पर और सतत रूप में होगा । यू एल बी एस/शहरी उपयोगिताओं को उल्लिखित स्तर `क` के लिए तत्संबंधी प्रणाली स्थापित करने की सलाह दी जाती है । ऐसा संक्रमण अल्प समयावधि में नहीं घटित होगा । इस प्रकार जबकि मूल्यांकन स्तर उन्नत होता है, उसी प्रकार आंकड़ा लिया जाता है । अत:, लक्ष्य स्तरांक मूल्यांकन स्तर पर पहुंच रहा है जैसाकि परिमाप की `क` स्तर की विश्वसनीयता में है ।

ङ) ***परिमाप की बारम्बारता:*** मूल्यांकन संकेतक के परिमाप की बारम्बारता उस बारम्बारता को संदर्भित करती है जिस पर मूल्यांकन स्तर का आकलन किया जाना है और न कि उस बारम्बारता का जिस पर आंकड़ा तत्वों का परिमाप किया जाएगा । प्रत्येक संकेत

के लिए, न्यूनतम बारम्बारता जिस पर मूल्यांकन का परिमाप किया जाना चाहिए, का उल्लेख किया जाता है । तब उसे उसी बारम्बारता या निम्न बारम्बारता पर सूचित किया जाता है । वह बारम्बारता जिस पर मूल्यांकन का परिमाप किया जाता है, बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि:

क. दो निरंतर समयावधियों के बीच बदले हुए मूल्यांकन स्तर के लिए दृश्य अथवा संभवित परिवर्तन सामान्य रूप में होना चाहिए (उदाहरण के लिए कुछ महीनों में संयंत्र की शोधन क्षमता की उपलब्धता में परिवर्तन संभव नहीं होगा; अतः वार्षिक आधार पर इसका परिमाप करना चाहिए तथा सूचना दी जानी चाहिए । तथापि, जलापूर्ति के घंटों में मौसम के साथ भिन्नता हो सकती है, अतः इसे तिमाही और वार्षिक बारंबारता आधार पर सूचित किया जाना चाहिए) ।

ख. यदि समयावधि को काफी लम्बा निर्धारित किया जाता है तो परिमाप किए गए मूल्यांकन को प्रचालन संबंधी सुधार लाने में प्रभावी फीडबैक नहीं मिल सकता है ।

ग. यदि समयावधि बहुत अल्प निर्धारित की जाती है तो महत्वपूर्ण समय मूल्यांकन के परिमाप करने और सूचित करने में ही नष्ट हो जाएगा ।

घ. मूल्यांकन को उस बारंबारता से उच्च पर नहीं सूचित किया जा सकता है जिस पर इसे मापा गया है ।

मूल्यांकन की सूचना संगठन के भीतर जल्दी-जल्दी दी जानी चाहिए, और सरकार के उच्च स्तर पर यह धीमी गति से होनी चाहिए । उदाहरण के लिए

मूल्यांकन रिपोर्टें मासिक अथवा तिमाही आधार पर स्थाई समितियों और म्यूनिसिपिल परिषदों के पटल पर रखी जानी चाहिए । तथापि, उन्हें राज्य और केन्द्र सरकारों के पास यह वार्षिक में सूचित की जानी चाहिए ।

ङ) परिमाप का क्षेत्राधिकार: यह भौगोलिक क्षेत्राधिकार को संदर्भित करता है जिसके लिए मूल्यांकन का परिमाप किया जाना चाहिए और आंकड़ा एकत्र किया जाना चाहिए । इसी प्रकार, उप-शहर स्तर पर शहरी सेवा सुपुर्दगी मूल्यांकन का परिमाप शहर स्तर के मूल्यांकन संकेतकों की तुलना में शहर स्तर के पणधारियों के लिए और अधिक उपयोगी बनाता है । उदाहरण के लिए एक शहरी नागरिक अथवा म्यूनिसिपिल पार्षद हेतु उस वार्ड में, विशेषकर अन्य वार्डों के संबंध में विशिष्ट सेवा स्तर के मूल्यांकन की जानकारी हेतु उपयोगी होगा । शहर स्तर पर मूल्यांकन के परिमाप से भी स्तर में व्यापक अन्तर प्रश्न रहेगा जो एक शहर में विभिन्न स्थानों, अधिकांश भारतीय शहरों में सामान्य रूप से विद्यमान रहता है ।

इसी प्रकार, राज्य और केन्द्र स्तर पर पणधारियों के लिए शहर स्तर के मूल्यांकन संकेतकों का होना उपयोगी है, क्योंकि यह शहरों की तुलना करने और अन्तर बतलाने के लिए उपयोगी होगा । ऐसी सूचना तब राज्य स्तर और राष्ट्रीय रणनीतियों तथा नीति प्रत्युत्तरों के निर्माण के लिए उपयोगी होगी ।

निम्न स्तर के क्षेत्राधिकार पर मूल्यांकन का परिमाप व्यापक क्षेत्राधिकार पर मूल्यांकन को दर्शाने के लिए आंकड़े को समेकित करने में सक्षम बनाता है । इस प्रकार, यदि वार्ड स्तर का मूल्यांकन सभी वार्डों के लिए जाना जाता है, तब यू एल बी स्तर के मूल्यांकन की भी सूचना दी जा सकती है ।

यह नोट किया जाए कि मूल्यांकन संकेतकों के लिए भौगोलिक क्षेत्राधिकार के संबंध में `यू एल बी` और `शहर` शब्दों का प्रयोग अन्तर-परिवर्तनीय रूप में किया गया है । चूंकि यह बड़े शहरों/शहरी जुड़ाव में शहर के भीतर अनेक यू एल बी एस होते हैं; जबकि छोटे शहरों में यू एल बी एस सामान्य तौर पर सम्पूर्ण शहरी सीमाओं को कवर करता है । अनेक शहरों में, कतिपय सेवाएं यथा जलापूर्ति, अपशिष्ट जल प्रबंधन बड़े शहरी क्षेत्राधिकार के लिए यू एल बी एस की सीमाओं की अपेक्षा पैरास्टेटल उपयोगिता द्वारा मुहैया करायी और/अथवा प्रबंध की जाती हैं । ऐसे मामलों में आंकड़ा और मूल्यांकन संकेतक पैरा-स्टेटल उपयोगिता के क्षेत्राधिकार से जेड़े होते हैं । अत:, यू एल बी/शहर की इकाई की दिए गए संदर्भ में समुचित रूप में व्याख्या की जानी चाहिए ।

6. पुस्तिका का स्वरूप

इस पुस्तिका के खण्ड II में प्रत्येक चुनिंदा एस एल बी एस के बारे में ब्यौरा दिया गया है । संकेतकों की सूची यू एल बी एस/उपयोगिताओं से एस एल बी एस के क्रियान्वयन में प्रायोगिक पहल में अनुभवों को ध्यान में रखकर चयन की गई है । उपलब्ध आंकड़ों की गुणवत्ता आंकड़ा संकलन में अपेक्षित प्रयास ओर संकेतक के महत्व पर संकेतकों के इस सेट पर पहुंचने में विचार किया गया हे ।

इस पुस्तिका के खण्ड III में इस बात का दिशानिर्देश है कि एस एल बी एस को कैसे संचालित किया जाए । एस एल बी एस के मूल्यांकन रिपोर्टों के नमूने कि यू एल बी/नागरिक एजेंसियों का उपयोग उनके मूल्यांकन को सुधारने में किया जा सकता है, इसकी भी व्यवस्था है।

2.3 ठोस अपशिष्ट प्रबंधन

2.3.1 ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सेवाओं के (दरवाजे-दरवाजे) हाउस होल्ड स्तर का कवरेज

मूल्यांकन संकेतक

संकेतक	इकाई	परिभाषा
अपशिष्ट के दरवाजे-दरवाजे जाकर संग्रहण के माध्यम से एस डब्ल्यू एम सेवाओं का घरेलू कवरेज	%	घरों और प्रतिष्ठानों का प्रतिशत जिन्हें प्रतिदिन द्वार पर जाकर संग्रहण प्रणाली द्वारा कवर किया गया है ।

आंकड़ा अपेक्षाएं

संकेतक की गणना हेतु अपेक्षित आंकड़ा	इकाई	टिप्पणियां
क) सेवा क्षेत्र में घरों और प्रतिष्ठानों की कुल संख्या	संख्या	सेवा क्षेत्र में घरों और प्रतिष्ठानों (संपत्ति नहीं) की कुल संख्या को परिचालित किया जाना चाहिए । सेवा क्षेत्र या तो बोर्ड अथवा यू एल बी सीमाओं को सन्दर्भित करते हैं ।
ख) रोजना द्वार-द्वार जाकर संग्रहण किए जाने वाले घरों व प्रतिष्ठानों की संख्या	संख्या	स्वयं यू एल बी अथवा यू एल बी अनुमोदित सेवा प्रदाताओं के माध्यम से द्वार-द्वार जाकर संग्रहण शामिल हैं । इसमें आवासीय कल्याण एसोशिएशन आदि द्वारा संचालित द्वार-द्वार जाकर संग्रहण प्रणाली को शामिल किया जा सकता है ।
कवरेज	**%**	**कवरेज = [(ख/क)*100]**

संकेतक हेतु आधार

यह संकेतक द्वार-द्वार ठोस अपशिष्ट संग्रहण सेवाओं का कवरेज प्रदान करता है । द्वार स्तर संग्रहण प्रणाली वैज्ञानिक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सेवाओं की सम्पूर्ण श्रंखला में एक अनिवार्य और महत्वपूर्ण प्रारंभिक बिंदू है । अपशिष्ट मुक्त स्वच्छ सड़कों और नालियों का होना, अपशिष्ट का वैज्ञानिक शोधन करना ताकि अधिकतम शोधन, पुनर्चक्रण तथा निपटान किया जा सके, जिसे केवल तभी प्राप्त किया जा सकता है यदि अपशिष्ट का द्वार-द्वार जाकर संग्रहण करना चलता रहे ।

परिमाप की विश्वसनीयता

विश्वसनीयता पैमाना	**तौर-तरीके का विवरण**
विश्वसनीयता का निम्नतम स्तर (घ)	सेवा प्रदाता द्वारा कुल शहर स्तर आकलन पर आधारित कवरेज संख्या
मध्यवर्ती स्तर (ग)	कवरेज का आकलन वार्डों मे द्वार स्तर पर संग्रहण की प्रदान की गई सेवा संख्या के आधार पर किया जाता है जिसे यू एल बी में वार्डों की कुल संख्या को प्रतिशत के रूप में परिलक्षित की जानी है ।
मध्यवर्ती स्तर (ख)	कवरेज का आकलन द्वार स्तर पर अपशिष्ट संग्रहण द्वारा प्रभावित क्षेत्रों से यू एल बी द्वारा (टनों) में संकलित औसत दैनिक अपशिष्ट, मात्रा को सम्पूर्ण शहर द्वारा अनुमानित दैनिक अपशिष्ट सृजन (टनों में) द्वारा विभाजित कर

	प्राप्त किया जाना है । विनिर्दिष्ट धर्मकांटा पर संकलित वास्तविक भार पर आधारित दैनिक औसत, माह में लगातार सात दिनों के लिए दैनिक परिमाप।
विश्वसनीयता का सर्वोच्च/अधिमान स्तर (क)	द्वार पर जाकर संग्रहण में लगी एजेंसी द्वारा बताए गए अनुसार दरवाजे पर जाकर संग्रहण के साथ घरेलू और प्रतिष्ठानों की वास्तविक संख्या पर आधारित गणना । इसे दरवाजे पर जाकर संग्रहण सेवाओं के लिए वसूले गए किसी प्रयोक्ता प्रभार के अभिलेखों से भी सत्यापित किया जा सकता है । घरेलू/प्रतिष्ठानों की कुल संख्या शहर उन्नत जी आई एस स्पेटियल आंकड़ों से मापी जानी चाहिए ।

निष्पादन संकेतक के परिमाप की न्यूनतम बारंबारता		**निष्पादन के परिमाप के लिए लघुतम भौगोलिक क्षेत्राधिकार**	
परिमाप	तैमासिक	परिमाप	वार्ड स्तर

2.3.2 म्यूनिसिपिल ठोस अपशिष्ट के संग्रहण में दक्षता

निष्पादन संकेतक

संकेतक	इकाई	परिभाषा
संग्रहण दक्षता	%	यू एल बी तथा प्राधिकृत सेवा प्रदाता द्वारा एकत्रित कुल अपशिष्ट बनाम सृजन बिंदु पर पुनर्चक्रण अथवा प्रोसेसिंग को छोड़कर यू एल बी के भीतर सृजित कुछ अपशिष्ट । [सामान्य तौर पर कुछ सृजित अपशिष्ट या तो नागरिक द्वारा स्वयं अथवा उसकी सहायता से पुनर्चक्रित किया गया है । यह मात्रा कुल सृजित मात्रा से अलग है, चूंकि वास्तविक आंकड़े इनके लिए उपलब्ध नहीं होंगे ।]

आंकड़ा अपेक्षाएं

संकेतक की गणना के लिए अपेक्षित आंकड़ा	इकाई	टिप्पणियां
क) कुल अपशिष्ट जो सृजित होता है जिसके एकत्र किया जाना आवश्यक होता है ।	प्रतिमाह टन	सृजन बिंदु पर प्रोसेस किए गए अथवा पुनर्चक्रित अपशिष्ट को छोड़कर कुल सृजित अपशिष्ट । यह शहर की जनसंख्या और आर्थिक क्रियाकलापों के संघटन पर आधारित होगा ।

ख) अपशिष्ट की कुल मात्रा जिसे यू एल बी अथवा प्राधिकृत सेवा प्रदाताओं द्वारा एकत्र किया जाना है ।	टन प्रतिमाह	घरों, प्रतिष्ठानों तथा सामान्य एकत्रण बिंदुओं से एकत्र किया गया कुल अपशिष्ट । यह एकत्र किए गए अपशिष्ट के वास्तविक भार पर आधारित होना चाहिए । कुल मासिक मात्रा की गणना के लिए दैनिक सृजन की मात्रा को जोड़ा जाना चाहिए । इसमें अपशिष्ट एकत्रण के लिए विशेष अभियान शामिल नहीं किए जाने चाहिए ।
एकत्रण दक्षता	**%**	**एकत्रण दक्षता = [(ख/क * 100)]**

आंकड़ा अपेक्षाएं

संकेतक के लिए आधार
यह संकेतक परिमाप के लिए अपेक्षतया सरल है, और अपशिष्ट के एकत्रण में एक दक्ष संकेतक के रूप में लम्बे समय से प्रयुक्त किया जाता रहा है । जबकि संकेतक को अच्छी तरह से समझा जाता है, परिमाप के लिए प्रयुक्त भिन्न-भिन्न तरीकों के कारण विश्वसनीयता में काफी अंतर है । एकत्रण दक्षता में एस डब्ल्यू एम प्रणालियों द्वारा सामान्य रूप में एकत्रित अपशिष्ट को मापा जाना चाहिए । कई बार एकत्र न किया गया अपशिष्ट का धीरे-धीरे पुनर्चक्रण किया जाएगा या सड़क के किनारे, नालियों में जमा होना अथवा सड़ना शामिल है । अत: एकत्रण दक्षता एक महत्वपूर्ण निष्पादन संकेतक है ।

परिमाप की विश्वसनीयता	
विश्वसनीयता पैमाना	**तौर-तरीकों का विवरण**
विश्वसनीयता का निम्नतम स्तर (घ)	शहर के आकार पर आधारित प्रति व्यक्ति अपशिष्ट सृजन के मानक के आधार पर अपशिष्ट मात्रा का आकलन । अपशिष्ट एकत्रण के बारे में अपर्याप्त आंकड़ों के कारण इसका आकलन निपटान स्थल पर अपशिष्ट एकत्रण हेतु लगाए गए ट्रिपों के आधार पर किया जाता है ।
मध्यवर्ती स्तर (ग)	शून्य
मध्यवर्ती स्तर (ख)	शहर के आकार पर आधारित प्रति व्यक्ति अपशिष्ट सृजन के मानक के आधार पर अपशिष्ट सृजन का आकलन । अपशिष्ट एकत्रण संबंधी आंकड़ा निपटान स्थल पर धर्मकांटा से भार द्वारा किया जाता है ।
विश्वसनीयता का सर्वोच्च/अधिमान स्तर (क)	अपशिष्ट सृजन आकलन तिमाही सर्वेक्षण/संख्यकीय रूप में महत्वपूर्ण प्रतिदर्श पर आधारित घरों/प्रतिष्ठानों की संख्या । अपशिष्ट एकत्रण निपटान स्थल पर वास्तविक भार पर आधारित होता है (जो कम्पोजिटिंग यार्ड में कुल अपशिष्ट साफ-

	सफाई जमीन भाव स्थल तथा एकत्र किए जाने के पश्चात् पुनर्चक्रण/पुनर्प्रयोग में लिया गया अपशिष्ट)

निष्पादन संकेतक के परिमाप की न्यूनतम बारंबारता		**निष्पादन के परिमाप के लिए लघुतम भौगोलिक क्षेत्राधिकार**	
परिमाप	मासिक	परिमाप	वार्ड स्तर

2.3.3 म्यूनिसिपिल ठोस अपशिष्ट के पृथक्करण की मात्रा

निष्पादन संकेतक

संकेतक	इकाई	परिभाषा
अपशिष्ट केब पृथक्करण का प्रतिशत	%	घरों और प्रतिष्ठानों का प्रतिशत यहां अपशिष्ट पृथक्कीरण प्रभावी है । पृथक्करण स्त्रोत पर अर्थात् घर अथवा प्रतिष्ठान स्तर पर गीले एवं शुष्क अपशिष्ट को कम से कम अलग किया जाना चाहिए । आदर्श रूप में पृथक्करण निम्नलिखित श्रेणियों में होना चाहिए : बायोडिग्रेडबिल नहीं है और जोखिमकारी घरेलू अपशिष्ट यथा बैटरी आदि । इस विवरण के अनुरूप, यू एल बी `पृथक` किए जा रहे अपशिष्ट के वर्गीकरण के लिए मानदण्ड को और परिष्कृत कर सकता हे । यह महत्वपूर्ण है कि स्त्रोत पर पृथक किए गए अपशिष्ट पुन: मिश्रित न किया जाए अपितु उसकी पूर्ण रूप से पृथक ढुलाई की जाए । अत: यह महत्वपूर्ण है कि यह संकेतक शोधन/निपटान स्थल पर पृथक रूप में पहुंचने वाले अपशिष्ट के परिमाप पर आधारित है और न कि एकत्रण बिंदु पर उसके

		परिमाप पर ।

आंकड़ा अपेक्षाएं

संकेतक की गणना हेतु अपेक्षित आंकड़ा	इकाई	टिप्पणियां
क) अपशिष्ट की प्रमात्रा जो पृथक की जाती है ।	टन प्रतिमाह	अपशिष्ट की कुल प्रमात्रा जो शोधन और/अथवा निपटान स्थल (अर्थात् कम्पोजटिंग यार्ड, अपशिष्ट शोधन संयंत्र, भूमि भराव स्थल आदि) पर पृथक रूप में पहुंचती है । इन स्थलों पर अपशिष्ट जो बिना पृथक किए रूप में पहुंचता है उस को शामिल नहीं किया जाना चाहिए ।
ख) अपशिष्ट की कुल प्रमात्रा जो यू एल बी अथवा प्राधिकृत सेवा प्रदाताओं द्वारा एकत्र की जाती है ।	टन प्रतिमाह	घरों, प्रतिष्ठानों और आम एकत्रण बिंदुओं से एकत्र किया गया कुल अपशिष्ट । यह एकत्रित अपशिष्ट के वास्तविक भार पर आधारित होना चाहिए । इसमें अपशिष्ट एकत्रण हेतु किसी विशेष अभियान और एकल क्रियाकलाप यथा तोड़फोड़ नालों की सफाई आदि से निकले अपशिष्ट शामिल नहीं होने चाहिए । यह (ख) की मात्रा से संबंधित है जैसाकि एकत्रण दक्षता पर संकेतक हेतु मापा गया हे ।

पृथक्करण की मात्रा	**%**	**पृथक्करण की मात्रा = [(क/ख * 100)]**

संकेतक के लिए आधार
अपशिष्ट का पृथक्करण वहनीय शुष्क अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली के लिए एक महत्वपूर्ण अपेक्षा है । पृथक्करण अपशिष्ट के विभिन्न संघटकों के पुनर्चक्रण, पुन:प्रयोग, शोधन और वैज्ञानिक निपटान को सक्षम बनाता है । अपशिष्ट का पृथक्करण आदर्श रूप में स्त्रोत पर ही किया जना चाहिए, और तत्पश्चात् शोधन और/अथवा निपटान के बिंदु तक भी इसकी ढुलाई पृथक रूप में की जानी चाहिए । यदि अपशिष्ट इन बिंदुओं पर पृथक रूप में प्राप्त होता है तो सुरक्षित तौर पर ऐसा माना जा सकता है कि इसे स्त्रोत पर प्थक किया गया है और यहां पहुंचाया गया है, जबकि यह सच नहीं हो सकता है । अत: पृथक्करण का परिमाप प्राप्ति स्थान पर किया जा रहा है न कि एकत्रण के स्थान पर ।

परिमाप की विश्वसनीयता	
विश्वसनीयता पैमाना	**तौर-तरीकों का विवरण**
विश्वसनीयता का निम्नतम स्तर (घ)	बिना दस्तावेज एवं परिमाप तरीकों को अपनाए सेवा प्रदाता द्वारा अनुमानित पृथक्करण ।
मध्यवर्ती स्तर (ग)	प्रत्येक घरों और प्रतिष्ठानों को अलग-अलग दो अपशिष्ट

